स्पीड न्यूज

### जैम एट स्ट्रीट में लोगों ने जम कर की मस्ती

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआइएसएल के तत्वाधान में जैम ऐट स्ट्रीट का आयोजन किया गया। सुबह के चाय नाश्ते के साथ शहर के युवाओं ने जम कर फन का आनंद लिया। इस अवसर पर आनंद करते बच्चे।

### नारायण आइटीआइ में शिवाजी की मनी जयंती



जमशेदपुर। नारायण प्राइवेट आईटीआई लूपुंगडीह चांडिल में छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई गई। संस्थान के संस्थापक डा जटाशंकर पांडेय ने इस मौके पर कहा कि छत्रपति शिवाजी जी का जन्म 19 फरवरी1630 ई. को शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। इस अवसर पर कलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी में शांति राम महतो, जयंत बनर्जी,पवन कुमार, अजय मंडल,गौरव कुमार, निमाय मंडल एवं शिशुमती दास उपस्थित थे।

### वीमेंस विव में बीएड के लिए 23 तक आवेदन

जमशेदपुर। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा निर्गत पत्र के आधार पर बीएड में बची हुई सीटों पर नामांकन की तैयारी पूरी कर ली है। निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत यूनिवर्सिटी ने इन सीटों के लिए अफलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। विदित हो कि पहले झारखंड के सभी बीएड संस्थानों में चार चरणों में कमन मेरिट लिस्ट (सीएमएल) की रैंक के आधार पर विद्यार्थियों के नामांकन हुए। बची हुई सीटों को ओपन सीट की कैटेगरी में रखते हुए गाइडलाइन जारी की गई है। इसी के आलोक में वीमेंस यूनिवर्सिटी में इच्छुक छात्राओं को 23 फरवरी तक आवेदन जमा करने की सुविधा दी गई है। यूनिवर्सिटी के बिष्टुपुर कैंपस के शिक्षा विभाग में अफलाइन आवेदन जमा किया जा सकता है। जिन छात्राओं का नाम चारों लिस्ट में नहीं आ पाया था और जो वीमेंस यूनिवर्सिटी के बीएड कोर्स में नामांकन की इच्छा रखती हैं उनका नामांकन 2022-24 सत्र के लिए सीएमएल रैंक के आधार पर ही अन्य सभी निर्देशों का पालन करते हुए होगा।

### साई देवस्थानम में दो दिवसीय महाशिव रात्रि महोत्सव संपन्न

जमशेदपुर। साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान , जमशेदपुर के तत्वधान में दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन भोले बाबा की महा आरती के साथ संपन्न हुई । दो दिवसीय अनुष्ठान के प्रथम दिवस को क्षेत्रीय विधायक मंगल कालिंदी , मुखिया प्रमिला बेसरा एवं शहर के गन मान्य अतिथियों के उपस्थिति के अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया एवं शहर के जाने माने भजन गायक प्रेम अग्रवाल भजन संध्या में भजन की प्रस्तुति दी गयी ।

### चांडिल में धूमधाम के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि



चांडिल। अनुमंडल के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि में जलाभिषेक के लिए काफी संख्या में भक्त उमड़ पड़े। चांडिल के विभिन्न शिवालयों में भक्त सुबह से ही जलाभिषेक को लेकर कतार में लगे हुए थे। चांडिल बाजार स्थित शिव मंदिर में पंडित मनोज चटर्जी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ शिव पार्वती की विवाह संपन्न कराए।

### डिप्लोमा व पॉलिटेक्रिक डिग्रीधारी नियोजनालय में निबंधन करावें

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी डिप्लोमा एवं पॉलिटेक्रिक योग्यताधारी उम्मीदवारों से अपील है कि यथाशीघ्र अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गोलमुरी, जमशेदपुर में अपना निबंधन अवश्य कराएं ताकि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन नियमावली 2022'' के तहत रोजगार का लाभ भविष्य में ले सकें। जमशेदपुर, 93863 21784 2.श्री अजय कुमार।

# श्रीशिव शक्ति परिवार टाटानगर आज निकालेगी भव्य शिव बारात

## झारखंड समेत 15 राज्यों के 180 कैलाशी हुए सम्मनित, दिखे भाव विभोर



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। श्री शिव शक्ति परिवार टाटानगर के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय 15 वां शिव महोत्सव के तहत दूसरे दिन रविवार को श्री राम मंदिर टेल्को स्थित ज्ञान मंडप हॉल में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रातः काल गणेश वंदना व दीप प्रज्वलन कर भोलेनाथ का आह्वान किया गया। इसके बाद मुठिया वाले बाबा ने रामायण प्रसंग तो आचार्य मृत्युंजय ने सनातन धर्म के बारे में सुनाया। मास्टर लखन, चिरंजीत, उमा के नेतृत्व में स्थानीय कलाकारों ने राधा ष्ण, शिव पार्वती का रूप धारण कर धार्मिक गीतों पर नृत्य किया। संतोष, अंजू, कमलेश पटेल, उषा मित्तल, शरद त्रिवेदि, आशा गाबा आदि सेवादार द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। वही झारखंड, बिहार, गुजरात, एमपी, वेस्ट बंगाल, उड़ीसा, हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दमनदीप, दिल्ली, राजस्थान आदि 15 राज्यों से पधारे तकरीबन 180 कैलासियों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्थानीय कमेटी ने स्वागत किया।

गुजरात के भक्तों द्वारा गरबा प्रस्तुति देखते ही बन रही थी। दूसरी ओर संस्था द्वारा कराए जा रहे विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

मौके पर डीआईजी आनंदपाल सिंह, कैलाशी विजय शर्मा, राजशेखर सिंह, चंद्रभान सिंह, कमलेश, दिलीप, अभिमन्यु, आशीष वर्मा, नागेंद्र राय, मंजू सिंह, रवि प्रकाश, मीना सिन्हा, धिरज सिहं, कुंदन यादव, नितिन कुमार, मुकेश करन आदि सेवादार का सक्रिय सहयोग रहा।

सोमवार को 10000 श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं शिव बारात निकाली जाएगी जो टेल्को के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए वापस राम मंदिर आएंगी।

# शिव धरती के पहले विवाहित पुरुष हैं : सुनील आनंद

खबर मन्त्र ब्यूरो



सेमिनार को संबोधित करते सुनील आनंद।

जमशेदपुर। आनंद मार्ग प्रचारक संघ ब्लॉक स्तरीय सेमिनार गदरा आनंद मार्ग जागृति में संपन्न हुआ। सेमिनार के आयोजक थे अमित कुमार एवं ट्रेनर सुनील आनंद।

19 फरवरी रविवार को ब्लॉक स्तरीय सेमिनार के ट्रेनर सुनील आनंद ने'' शिव की शिक्षा'' पर सार गर्भित वक्तव्य दिया और जोर देकर कहा कि आद्गिरु भगवान शिव की शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि श्री श्री आनन्दमूर्ति ने शिव शिक्षा के 12 सूत्रों की व्याख्या की है जिनमें शिव पुराण, शिव संहिता और आगम निगम शास्त्र को समाहित कर दिया है। आचार्य ने बतलाया कि भगवान शिव का जन्म लगभग 7000 वर्ष पूर्व हुआ था। उन्होंने न केवल मनुष्य वरन् समस्त जीव जगत के कल्याण के लिए अपना सर्वस्व लुटा दिया और अपने अपने आगमन को सार्थक कर के इस धरती के कण कण को पवित्र कर गए। प्राचीन काल के शोषित, पीड़ित और अवहेलित जन समुदाय ने भगवान शिव को अपने परम् आश्रय के रूप में पाया था।

भगवान शिव ने कहा था ''वर्तमानेषु वर्तेत'' अर्थात धर्म के पथ पर चलने वाले को वर्तमान में जीना होगा। अतीत का गुणगान करने और भविष्य की काल्पनिक रूपरेखा में जीना निरर्थक है। शिव के अनुसार, मानव जीवन का उद्देश्य है,'' आत्म मोक्षार्थम् जगत् हिताय च'' अर्थात धर्म के पथ पर चलने वालों को जगत् के हित के लिए भी काम करना होगा। जो व्यवस्था जन साधारण को सम्मानजनक जीने के अधिकार से वंचित करती है, उस व्यवस्था का भी डट कर विरोध करना होगा। यदि कोई सोचे कि वह समाज और संसार के शोषित पीड़ित और अवहेलित लोगों के कष्ट को भूल कर हिमालय की गुफा में जाकर शीर्षासन करते हुए कई युगों तक साधना करेगा और परमात्मा गुफा के पत्थर के दरवाजे को अपने हाथ से खोल कर उसके सामने प्रकट हो जाएंगे और उसकी इच्छा की पूर्ति कर देंगे तो वैसा होना कदापि सम्भव नहीं है।

आनंद बताया कि भगवान शिव इस धरती के पहले विवाहित पुरुष हैं। उनके आगमन से पहले मानव अर्धविकसित था। स्त्री-पुरुष में पारिवारिक जीवन पद्धति को मान कर चलने की व्यवस्था नहीं थी। सन्तान के लालन पालन का दायित्व कोई नहीं लेता था। शिव ने नियम बनाया कि पुरुष को परिवार के भरण पोषण का दायित्व लेना होगा, इसलिए उन्होंने विवाहित पुरुष को ''भर्ता'' कहा। उन्होंने विवाहित स्त्री को ''कलत्र'' घोषित किया जो कि उभयलिंग है।

# शांतिनगर और शक्ति नगर के नागरिकों से मिले सरयू राय

खबर मन्त्र संवाददाता



बस्तीवासियों को संबोधित करते विधायक सरयू राय।

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने आज बारीडीह शांति नगर और शक्ति नगर क्षेत्र जाकर वहाँ के नागरिकों से मिले। लोगों ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से उनके क्षेत्र में जुस्को की बिजली प्राप्त करने के लिए प्रयासरत हैं परंतु अभी तक उन्हें लाभ नहीं मिला। इस संबंध में बस्ती के लोगों ने जुस्को कार्यालय में आवेदन भी दिया है लेकिन इसपर पहल नहीं हुई। लोगों ने विधायक सरयू राय से कहा कि उनकी पहल पर कई बस्तियों में जुस्को की बिजली देने के लिए सर्वे का कार्य हो रहा है इसलिए शांति नगर और शक्ति नगर बस्ती के लोगों में नई उम्मीद जागी है। बस्ती के लोगों ने विधायक सरयू राय से अनुरोध किया कि उनकी भी बस्ती में जुस्को की बिजली उपलब्ध कराने को लेकर सहयोग करें। विधायक सरयू राय ने बस्ती के लोगों से कहा कि टाटा लीज क्षेत्र एवं इससे सटे अन्य बस्तियों के निवासियों को जुस्को का विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने एक कमिटी का गठन सरकार से करवाया है। यह कमिटी बहुत अच्छी तरह से कार्य कर रही है और समय समय पर जुस्को की बिजली प्रदान करने को लेकर समीक्षा भी करती है। शांति नगर और शक्ति नगर में बिजली उपलब्ध कराने के लिए कमिटी के समक्ष प्रस्ताव रखकर बिजली उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक श्री राय ने बस्ती के लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी बस्ती में भी शीघ्र जुस्को से बिजली मिलेगा। मौके विधायक सरयू राय के निजी सचिव सुधीर सिंह, बारीडीह के भाजमो मंडल अध्यक्ष विजय नारायण सिंह, राकेश कुमार के साथ ही बस्ती के लोग उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा समाज के टेल्को, परसुडीह और आदित्यपुर में नयी कार्यकारिणी का गठन



जमशेदपुर। जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अनुशंगी ईकाइयों के नये कार्यकारिणी गठन की श्रृंखला में टेल्को, परसुडीह और आदित्यपुर क्षेत्र में नयी कार्यकारिणी का गठन बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में की गई। संबंधित क्षेत्र से काफी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित हुए।

सर्वसम्मति से टेल्को के संयोजक सुरेश शर्मा अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष मुन्ना शर्मा ,राजन प्रकाश ,सचिव सुनिल शर्मा, सह सचिव शिव कुमार शर्मा, रामदेव प्रसाद शर्मा, कोषपाल बृजेश शर्मा, संगठन मंत्री अरूण शर्मा, अशोक शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा और प्रेस प्रभारी हरिओम शर्मा चुने गये।

वहीं परसुडीह क्षेत्र मद्दे संयोजक लखन विश्वकर्मा अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ,उपाध्यक्ष संजय शर्मा, सुनिल शर्मा, सचिव श्रीनिवास शर्मा सहसचिव प्रह्लाद शर्मा ,उपेन्द्र शर्मा कोषपाल विजय विश्वकर्मा, प्रेस प्रभारी सुमित शर्मा और संगठन मंत्री अरविंद शर्मा, विरींची शर्मा, मनोज विश्वकर्मा ,मनोज कुमार विश्वकर्मा निर्वाचित हुए।

आदित्यपुर से अध्यक्ष - श्रवण शर्मा ,उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ,लक्ष्मण शर्मा सचिव रवि शंकर शर्मा ,सह सचिव रेणु शर्मा ,मदन शर्मा, कोषपाल संतलाल ,सहकोषाध्यक्ष राजकुमार शर्मा , संगठन मंत्री उदय शर्मा साथ ही 10 संगठन मंत्री को निर्वाचित किया गया।

## भाजपा की कार्यसमिति बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर बनी रणनीति



बैठक को संबोधित करते गुंजन यादव।

जमशेदपुर। भाजपा गोविंदपुर मंडल की कार्यसमिति बैठक रविवार को सहजानंद सरस्वती क्लब में सम्पन्न हुई। मंडल अध्यक्ष पवन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्यालय मंत्री सह बैठक के प्रभारी हेमंत दास एवं भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष मुख्यरुप से शामिल हुए। बैठक में पार्टी की मजबूती एवं संगठनात्मक विषयों पर कई महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में बतौर मुख्यातिथि बूथ निर्माण एवं सत्यापन एवं बैठक के प्रभारी झारखंड प्रदेश कार्यालय प्रभारी हेमंत दास ने आगामी वर्ष लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश में फिरसे प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बने इसके लिए बूथ अध्यक्ष अपने बूथों के सशक्तिकरण की दिशा में रणनीति बनाकर कार्य करें। बैठक में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला मंत्री पप्पू सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमलेश सिंह, जुगनू वर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य बलराम प्रताप सिंह, रविंदर सिंह,आशीष राय एवं सतीश मिश्रा व अन्य मौजूद थें।

# दलमा टॉप पर मूर्छित महिला को टाटा स्टील सिक्योरिटी विभाग ने किया रेसक्यू

खबर मन्त्र संवाददाता



बचाई गई मामुनी घोष के साथ मजहरुल बारी व साथी।

जमशेदपुर। टाटा स्टील सिक्योरिटी विभाग के गोताखोर मजहरुल बारी ने रविवार की आधी रात को दलमा पहाड़ पहुंच कर वहां जलाभिषेक करने गए एक परिवार को सुरक्षित तरीके से पहाड़ से नीचे उतारने में कामयाबी हासिल की है। बताया जाता है कि कदमा ग्वाला बस्ती का एक दूध विक्रेता अपने 11 सदस्यीय दल के साथ सप्तनीक पैदल ही दलमा पहाड़ स्थित शिवजी के मंदिर में जलाभिषेक करने गया था। कल शाम वहां से उतरे वक्त दूध कारोबारी की पत्नी का ब्लड प्रेसर लो हो गया और वह मूर्च्छित हो गई। रात में वहां से कोई साधन नहीं होने पर दूध कारोबारी ने अपने एक टाटा स्टीलकर्मी ग्राहक अरशद अली को फोन किया और मदद मांगी। उक्त अरशद अली भी सिक्योरिटी डिपार्टमेंट में काम करते हैं। उन्होंने ने रात्रि पौने 12 बजे टाटा स्टील के गोताखोर मजहरुल बारी को फोन कर महिला को सुरक्षित जमशेदपुर पहुंचाने में मदद मांगी। मजहरुल बारी ने अपनी कार निकाली और अपने मित्र रमेश प्रसाद को लेकर मध्य रात्रि एक बजे दलमा टॉप पहुंचे और उन्होंने महिला मामुनी घोष और उनके पति को रेसक्यू कर जमशेदपुर स्थित उनके घर पहुंचाये। जमशेदपुर में श्री बारी और सुरेश प्रसाद के इस रेसक्यू ऑपरेशन की हर किसी ने तारीफ की है।

# पूर्वी सिंहभूम का सबसे बड़ा पांच दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 23 से

खबर मन्त्र ब्यूरो




संवाददाता सम्मेलन में ट्रॉफी प्रदर्शित करते नीरज सिंह व साथीगण।

जमशेदपुर। आगामी 23 फरवरी 2023 से 27 फरवरी 2023 तक लिवरपूल क्रिकेट क्लब तथा जय महाकाल सेवा संघ के संयुक्त तत्वधान में जमशेदपुर स्थित अपरेटिव कलेज मैदान में जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम का सबसे बड़ा पांच दिवसीय टेनिस बल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के संयोजक शुशील पांडेय ने बताया की इस क्रिकेट टूर्नामेंट में झारखंड समेत देश के कई राज्यों से टीम हिस्सा ले रही है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी प्रत्येक मैच 8 ओवर का खेला जाएगा प्रतिदिन 7 मैच खेला जाएगा जो कि नकआउट बेसिस पर होगा सेमीफाइनल और फाइनल मैच 10 ओवर का खेला जाएगा ।

उक्त जानकारी जय महाकाल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। नीरज सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को 1,25000 रुपये नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी वही रनर टीम को 75000 रुपये नकद और ट्राफी दी जाएगी। सेमी फाइनलिस्ट टीम को 10000 - 10000 रुपये नकद के साथ ट्रॉफी दी जाएगी। साथ ही साथ मैन ऑफ सीरीज, बेस्ट बल्लेबाज, बॉलर और कैच के लिए भी पुरष्कार प्रदान किया जायेगा साथ ही और पुरे मैच का लाइव प्रशारण यूट्यूब के माध्यम से लिया जायेगा।

जय महाकाल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक श्री नीरज सिंह ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट की खासियत है कि इसमें सुदूर क्षेत्र के भी युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जा रहा है। नीरज सिंह ने कहा कि खेल के माध्यम से युवाओं के बिच आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है और टीम बनाकर मेहनत करने अवसर भी मिलता है। साथ ही युवा जो की खेल को अपना लेते है वो प्रतिबंधित नशा से भी दूर रहते हुए अपनी जीवन को नयी राह और ऊंचाइयों तक ले जाते है।

श्री सिंह ने बताया की इस टूर्नामेंट में अतिथि के रूप में कोआपरेटिव कलेज के प्राचार्य श्री ड.अमर सिंह, क्रिकेटर सौरभ तिवारी, क्रिकटर विराट सिंह और पूर्व रणजी खिलाडी श्री मनोज यादव उपस्थित रहेंगे। इस प्रेस वार्ता में जय महाकाल सेवा संघ के संयोजक विनोद राय, लिवर पूल क्लब के अध्यक्ष मनीष जैन, उपाध्यक्ष विनीत कुमार लाल, प्रीतम जैन, अजय, रवींद्र प्रसाद, और देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर में

### किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल ने मनाया ऐनुअल ग्रेजुएशन नाईट



जमशेदपुर। किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल ने अपने वी साल पूरे होने पर एक्स एल आर आई अडिटोरियम में मनाया ऐनुअल ग्रेजुएशन नाईट। इस अवसर पर शहर के एसपी के.विजयशंकर मुख्य अतिथि के रूप में और डिस्ट्रिक एजुकेशन अफिसर, श्रीमती निर्मला कुमारीय डिस्ट्रिक सुपरिटेंडेंट ऑफ एजुकेशन, सुश्री निशु कुमारी व इंटरनेशनल कोच हैंडबॉल डा हसन इमाम मल्लिक, गेस्ट ऑफ अनर के रूप में मौजूद थे। अतिथियों की मौजूद्गी ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत क्लास पीजी और नर्सरी के बच्चों के द्वारा वेलकम सान्ग से हुई। इसके बाद बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम जिसमें रैंप वक, पेट्रियोटिक डांस, ड्रिल, रेसिटेशन, ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी उपस्थित थे। स्कूल के डायरेक्टर सैयद राशिद जफर ने चीफ गेस्ट और गेस्ट अफ अनर को शल, मोमेंटो और ग्रीन गिफ्ट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम 2 घंटे तक चली। जूनियर के जी बच्चों के द्वारा ग्लोबल आइकन की प्रस्तुती हुई जिसमें वे विश्व के की किरदार निभा रहे हैं। श्री के विजयशंकर ने जूनियर के जी के ग्रेजुएटिंग बच्चो को सर्टिफिकेट और अवार्ड प्रस्तुत किया। श्रीमती निर्मला कुमारी और सुश्री निशु कुमारी ने बच्चो को अलग अलग उपाधि से सम्मानित किया। नर्सेरी से मोहम्मद उजैर असगर, मोहम्मद उबैद रजा अखघ्तर और आफियत हसन और जूनियर केजी से मोहम्मद यूसुफ, आयशा जिया और एक्सआ आसिफ को एकेडमिक एक्सीलेंस सर्टिफिकेट मिला। बेस्ट पैरेंट के कैटेगरी को प्रमाणीकरण डाक्टर हसन इमाम मल्लिक ने किया। प्रोग्राम के अंत में स्कूल के डायरेक्टर श्रीमान सैयद राशिद जफर ने कहा कि किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्यक्रम गतिविधियो में खूब ऊंचाईया हासिल की है और इसी तरह शहर में क्वलिटी एजुकेशन सालों तक देते रहेंगे साथ ही बहुत जल्द पैन इंडिया में इसकी फ्रेंचाइजी शुरू करेंगे। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती रुखसार आयशा ने ग्रेजुएटिंग बच्चों को सुभकामनाए दी।पूरे कार्यकर्म का संचालन सबा असगर और एडमिन टीम के द्वारा किया गया। एंकर्स टीचर शाद्म और टीचर बेनजीर और बाकी सारी शिक्षिकाओं का कार्यक्रम को सफल करने में पूरा योगदान रहा। वोट अफ थैंक्स सबा असगर के द्वारा किया गया।

### मदरसा दारूस सलाम में अफतार



जमशेदपुर। मदरसा दारूस सलाम आजादनगर के छात्रों ने शब ए मेराज का नफिल रोजा रखा और मदरसा प्रांगण मे ही अफ्तार किया। शनिवार की रात्रि शबे मेराज मे बच्चों ने रात जाग कर नफिल नमाजें अदा की , कुरानपाक का पाठ किया , तस्वीह व दरूदपाक विरद किया और भोर मे सेहरी कर रविवार को रोजा रखा। मदरसा के मौलाना बशीर आलम फैजी ने इस रोजे की महत्ता के बाबत बताया कि जो कोई 27 रज्जब को रोजा रखे तो उसको स्वर्ग की एक नहर से पानी पिलाया जाएगा जो शहद से अधिक मीठा , बर्फ से अधिक ठंडा और दूध से अधिक सफेद होगा और अल्लाहपाक नर्क की आग से बचा कर स्वर्ग मे दाखिल करेगा। अफ्तार के बाद रोजेदारों ने मदीना मस्जिद मे मगरिब की नमाज अदा की। रोजेदारों मे इस्माइल, अबूजर, तनवीर, नौशाद, अब्दुल हन्नान, मुसाफिर, गुलाम रसूल, अलाउद्दीन, साजिद, मुजफ्फर, आरिफ , हैदर, रेहान, जीशान, शाहजेब, एहसान, अल्तमश, अरबाज, गुलाम अहमद, गुलाम मोहम्मद, आसिफ रजा शामिल हैं। शिक्षकों मे हाफिज शरफुद्दीन, मौलाना हामिद रजा, हाफिज जलालुद्दीन के नाम उल्लेखनीय है।

### दारैन एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



जमशेदपुर। आजादनगर ईद्गाह स्थित दारैन अकेडमी मे विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस मे मुख्य अतिथि हाजी मुख्तार सफी उपस्थित थे जबकि सैयद अब्दुल वाहिद रजा , डा.अशरफ बद्र व शेख फरीदुल्लाह सम्मानित अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। इस अवसर पर अकेडमी के छात्रों बड़ी ही सुंदरता के साथ पांच मडल्स प्रस्तुत किया। बहैसियत परीक्षक पांच जजों ने जिन मे अलकबीर कालेज के प्रो़मो़आफताब आलम, प्रो़अब्दुल ताहिर खान, करीम सिटी कालेज के डा.मो़महफूज आलम, फैजुल उलूम के मौलाना मोइम्तियाज अहमद मिसबाही, तैबा मस्जिद के इमाम मुफ्ती तौसीफ रजा मिसबाही ने बच्चों के बनाए विज्ञान मडल्स को देख न केवल खुश हुए बल्कि प्रशंसा भी किया और दुआओं से नवाजा। अकेडमी के डायरेक्टर मुफ्ती अब्दुल मालिक मिसबाही ने अकेडमी की चर्चा करते हुए कहा कि दारैन अकेडमी समय की जरूरत का नाम है। यह अकेडमी धार्मिक व नवीन शिक्षा के क्षेत्र मे अपनी एकाकी पहचान बना रहा है। आने वाले समय मे यह संस्थान न केवल झारखंड वालों के लिए अपितु अन्य राज्य के लोगों के लिए भी एक मिसाल साबित होगी।

## महाशिवरात्रि पर चैनपुर में निकला भव्य शिव बारात, सैकड़ों लोग हुए शामिल

# शिव बारात में शिव के गण जमकर झूमे, माहौल हुआ भक्तिमय

### भोलेनाथ एवं मां पार्वती के रूप में शोभायात्रा में हुए शामिल



शिव-पार्वती बने बच्चे।

**भंडरा।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष में भंडरा में मुखिया इंद्रदेव उरांव के नेतृत्व में शोभा यात्रा का आयोजन शिवरात्रि पूजा आयोजन समिति के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ एवं मां पार्वती के स्वरूप बनाकर शोभा यात्रा भंडरा थाना परिसर स्थित शिव मंदिर से निकली। थाना रोड, मेन रोड होते हुए नौडीहा चौक तक शोभायात्रा भ्रमण करते हुए वापस थाना परिसर स्थित शिव मंदिर पहुंचा। इस मौके पर थाना परिसर शिव मंदिर में थाना प्रभारी गौतम कुमार एसआई विकास विश्वकर्मा एवं पुलिस कर्मियों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा के क्रम में आस्था का सैलाब उमड़ा।





बारात के बाद भगवान शिव व माता पार्वती का हुआ जयमाला व शिव बारात यात्रा में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** महाशिवरात्रि का त्यौहार शनिवार को चैनपुर में धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही शिव भक्तों का ताता लगा रहा। देर शाम तक मंदिरों में भीड़ लगी रही। लोगों ने पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की। फल- फूल ,भांग धतूरा ,गंगा जल अर्पित कर लोगों ने भोले बाबा की पूजा की। देर शाम शिव और शक्ति के महामिलन का पर्व महाशिवरात्रि पर भूत प्रेतों की टोली के साथ भगवान भोलेनाथ की गाजे-बाजे के साथ भव्य रूप से बारात निकाली गई। इस दौरान सांसद सुदर्शन भगत चैनपुर पहुंचे और शिव बारात में शामिल हुए। चैनपुर बस स्टैंड में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बारात में भूत-बैताल का वेश धारण किए बच्चों ने आकर्षक झांकी भी निकाली जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। शिव गीतों पर नाचते झूमते श्रद्धालु बरात में शामिल हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जश्न मनाया। संकट मोचन मंदिर प्रेम नगर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई जो नगर भ्रमण के साथ दुर्गा मंदिर परिसर पहुंची। जहां शिव पार्वती का जयमाला हुआ। जहां सैकड़ों से भक्तों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाए। विवाह के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने हर हर महादेव के नारे के साथ शिव बारात में शामिल सभी लोगों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष भगवान भोलेनाथ की बारात में आप लोग किसी उत्सुकता के साथ शामिल हो। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित घाघरा थाना प्रभारी सह चैनपुर के पूर्व थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी का बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने बुके देकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बजरंग दल के संयोजक सौरभ गुप्ता, अविनाश पाठक, नीरज झा, कृष्णा कुमार, सूरज गुप्ता, राहुल साहू, गणेश सिंह, सुंदरम केशरी,राज कुमार, रोहित कुमार, अजय केशरी, बिट्टू कुमार, बिनीत केशरी, अंकित सिंह, नीरज साहू, प्रवीण भगत, सहित कई लोगों ने अहम भूमिका निभाई है।

## एक नजर में

### प्रेमी जोड़े ने अखिलेश्वर धाम में की शादी

**भंडरा।** अखिलेश्वर धाम मंदिर में प्रेमी जोड़ा ने शादी किया। प्रेमी जोड़ा भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों गांव निवासी हैं। लड़की पायल कुमारी अपने पिता विनोद बैठा के साथ रांची में रहती थी लड़का देवदया लोहरा पिता बहोरन लोहरा भौरों में रहता था। दोनों के बीच प्रेम संबंध प्रगाढ़ हुआ। प्रेमी जोड़ा थाना में जाकर एक दूसरे से शादी करने की बात कही। शादी के लिए पुलिस से मदद मांगा। दोनों व्यस्क होने के कारण भंडरा पुलिस के द्वारा दोनों के अभिभावकों को थाना बुलाया गया। दोनों के अभिभावक शादी करने के लिए तैयार नहीं थे। प्रेमी जोड़ा अभिभावकों के असहमति के बाद भी अखिलेश्वर धाम में जाकर शादी कर लिए।

### मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : डॉ कुमुद

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में लगातार 35 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया।शिविर का डॉ कुमुद अग्रवाल व सहसचिव संजय चौधरी ने भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया।निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 19 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज का लाभ लिया। मौके पर डॉ कुमुद अग्रवाल एवं संजय चौधरी ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है,इससे बड़ा पुण्य कार्य कुछ नहीं।

### लोहरदगा युवा कांग्रेस कमिटी का हुआ विस्तार

**लोहरदगा।** जिला युवा कांग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी सह प्रदेश महासचिव डॉ अंजेला कुजूर की उपस्थिति में की गई। जिसमें संगठन के विस्तार संबंधी विचार विमर्श किया गया और नवनियुक्त पदाधिकारियों का दायित्व प्रदान किया गया।इस बैठक में जिला प्रभारी डॉ कुजूर ने कहा कि लोहरदगा जिले में युवा कांग्रेस काफी मजबूत है, सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी करें।

### अस्पताल के निर्माण को जमीन देने का निर्णय

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में प्रस्तावित 50 बेड के अनुमंडल अस्पताल की जमीन को लेकर रविवार रैतयों व ग्रामीणों की आम सभा हुई। जिसमें अस्पताल को जमीन उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। आम सभा में लोगों ने सर्व सम्मति से चैनपुर में अनुमंडल अस्पताल के लिए जमीन देने का निर्णय लिया। वहीं जमीन मालिकों ने अपनी जमीन देने के एवज में जमीन दाता को सरकार की तरफ से एक सदस्य को नौकरी तथा मुआवजा देने का प्रस्ताव रखा। मौके पर चैनपुर मुखिया शोभा देवी एवं थाना प्रभारी आसुतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारे चैनपुर के लिए ये यह बहुत सुनहरा अवसर हैं जो यहाँ अनुमंडल स्तरीय अस्पताल बनने जा रहा है।

### 11 को निकाली जायेगी सरहुल शोभायात्रा

**घाघरा।** सरहुल पूजा को लेकर झखरा कुंबा घाघरा में रविवार सरहुल आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता घाघरा पंचायत के पहान पूजार भौवा पहान ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पुराने कमेटी को यथावत रखा गया। बैठक में आगामी 11 अप्रैल को सरहुल पूजा को लेकर भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव से कोई खोड़हा दल को शामिल होने की बात कही गयी। मौके पर सादस्यो ने कहा कि सरहुल पूजा को लेकर भव्य तैयारी की जा रही है। जिसमे अधिक से अधिक खोड़हा दल उपस्थित हो। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजीव उराव, अनिल भगत, रवि पहान,झरी उराव, कृष्णा लोहरा, अशोक उराव ,सुशील टोप्पो, बाबू नाथ भगत, रविंदर उराव, महादेव उराव, अंजू देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जनहित व व्यापारी हित में कांग्रेस पार्टी करती है काम : रमेश

**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि आंदोलन के क्रम में चैंबर की आहुत बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया था कि कांग्रेस और जेएनडी जनता पर बोझ बढ़ने वाले किसी भी बिल के समर्थन में नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी इस मामले में सीएम से वार्ता की थी और बिल वापस लेने का अनुरोध किया था। साथ ही यह भी कहा था कि एक-दो दिनों में सरकार की तरफ से इस संबंध में व्यापारी हित में भ्रम की स्थिति दूर कर फैसला बताया जाएगा।

### सवारी वाहन पलटने से दस लोग घायल

**गुमला।** विशुनपुर थाना क्षेत्र के गुलैची मोड़ के समीप शनिवार की रात्रि लगभग 10 बजे सवारी वाहन के पलटने से उसमें सवार दस लोग घायल हो गये। जिनमें पांच लोगों को गंभीर चोट लगी है जबकि पांच को हल्की खरोंच आयी है। घायलों में सातो वनटोली विशुनपुर निवासी 44 वर्षीय लालदेव उरांव, 16 वर्षीय रेणु कुमारी, 20 वर्षीय संजय उरांव, 45 वर्षीय फुलदेव उरांव, 42 वर्षीय जितिया उरांव एवं 6 वर्षीय आरूषि कुमारी के नाम शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से विशुनपुर स्वास्थ केंद्र में भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सातो नवाटोली से बेलागढ़ा सवारी वाहन में सवार होकर लोग शादी समारोह में गये हुए थे। जहां से रात में वापसी के क्रम में गुलैची मोड़ के पास वाहन पलट गई। घायलों ने बताया कि वाहन चालक नशे में धूत था। वाहन धीरे चलाने की बात कहने पर भी चालक नहीं माना और तेज रफ्तार से वाहन चलाने लगा। जिसे दुर्घटना घटी।

### केंद्रीय महावीर मंडल की बैठक 20 को

**गुमला।** केंद्रीय महावीर मंडल की आवश्यक बैठक 20 फरवरी को संध्या 7 बजे श्री बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर में आहूत की गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य नयी कमिटी का चयन ,गत वर्ष का आय -व्यय का ब्यौरा और धूमधाम से रामनवमी मनाने पर चर्चा को लेकर की गई है। बैठक में केंद्रीय कमिटी के सभी पदाधिकारी ,सभी अखाड़ा के प्रतिनिधि और समस्त सनातन धर्मावलंबी से भाग लेने की अपील की गईहै। यह जानकारी सचिव राजेश सिंह ने दी है।

### पालकोट में आग से झुलसी महिला

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के सिजांग उपर घाट निवासी श्याम सुंदर नगेशिया की 28 वर्षीय पत्नी सौहद्री देवी खाना बनाने के दौरान आग से झुलसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसे शनिवार की रात इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रविवार तक प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने उसके गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सौहद्री देवी लकड़ी के चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी दौरान आग उसके साड़ी को पकड़ लिया। आग देखते ही देखते उसके पूरे शरीर तक पहुंच गया। इस घटना में महिला बुरी तरह झुलस गई।

### शिक्षा का उद्देश्य मानव को चरित्रवान बनाना है : सुनील

**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में रविवार को वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजुर, विशिष्ट अतिथि कारा अधीक्षक सुनील कुमार , घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी एवं कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे व प्रधानाध्यापक चंद्रकांत पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों बच्चे द्वारा आकर्षक नृत्य गीत प्रस्तुत किये गये। मौके पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी का शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही अभूतपूर्व योगदान है । इस क्षेत्र में यह विद्यालय शिक्षा का अलख जगा रहा है। उन्होंने शिक्षा के उद्देश्य के विषय में लोगों को बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मानव में संस्कार डालना तथा समाज में मातृशक्ति और नारी का सम्मान प्रमुखता से होना चाहिए।

## बाल्मीकि आश्रम पुग्गु में खोला गया रोजगार सृजन केंद्र का कार्यालय



कार्यक्रम में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा संचालित बाल्मीकि आश्रम पुग्गु के स्व. प्रोफेसर अगाशे प्रशिक्षण भवन में जिला रोजगार सृजन केंद्र का कार्यालय रविवार को खोला गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय ग्राम विकास प्रमुख श्री राघव राणा ने कहा कि रोजगार सृजन केंद्र का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए यह कार्यालय बेरोजगारों को सूचीबद्ध करेगा एवं रोजगार से संबंधित विविध प्रकार के कार्य जैसे फूड प्रोसेसिंग , टेलरिंग, प्लंबिंग , इलेक्ट्रिशियन, इत्यादि का ग्रुपिंग करके प्रशिक्षण देकर तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराकर रोजगार से जोड़ने का कार्य करेगी।

# मेले में गुमला का रागी लड्डू मचा रहा है धूम

## रागी का लड्डू महिलाओं के लिए बनेगा वरदान, आर्थिक स्वावलंबन की लिख सकती हैं नयी दास्तां

दीपक राम काजू

**गुमला।** छतीसगढ़ राज्य में आयोजित मिलेट कार्निवल मेले में गुमला के जेएसएलपीएस के दीदियों के द्वारा बनाया गया पौष्टिक तत्वों से भरपुर रागी लड्डू धूम मचा रहा है। रागी से बनने लड्डू का स्वाद चख छतीसगढ़ मेला आयोजन समिति के लोग लड्डू की भरपूर प्रशंसा कर रहे हैं।

रागी का लड्डू गुमला जिला के महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए आने वाले दिनों में वरदान साबित हो सकता है। क्योंकि जो भी व्यक्ति लड्डू खा रहा है उसका मुरीद बनता जा रहा है। सबसे खास बात रागी के लड्डू में छिपे पोषण तत्व की है। जिसे कुपोषण को दूर भगाया जा सकता है। वहीं आर्युवेद के तौर पर देखें तो रागी मधुमेह रोगियों के लिए भी काफी फायदे मंद है। रागी में कई ऐसे चमत्कारी गुण है जिसके उपयोग से शरीर की कई दुर्बलताओं को दूर किया जा सकता है। जेएसएलपीएस की दीदियों के द्वारा बनाये गये रागी लड्डू में कई और पोषक तत्वों का उपयोग किया गया है। जिसे इसकी विशेषता और बढ़ गई। खाने में भी बेहद स्वादिष्ट है। जैसे-जैसे लड्डू लोगों तक पहुंच रही है इसकी डिमांड बढ़ते जा रही है। वास्तव में यह प्रोडक्ट आने वाले दिनों में महिलाओं के स्वावलंबन की दास्तां बयां करेगी। महिलाएं रागी के इस व्यवसाय से जुड्कर आत्म निर्भरता की दास्तां लिख सकती है। गुमला जिला में इस वर्ष रिकार्ड रागी की खेती की गई है। गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव के प्रयास से गुमला में राज्य का पहला रागी प्रोसेसिंग युनिट भी स्थापित किया गया है। जिसका लाभ स्वतः ही दिखलाई पड़ने लगा है। रागी के आटे की डिमांड भी पूरे देश में हैं। क्योंकि इसके पोषण तत्व शरीर के लिए लाभकारी है। रागी का बहुअयामी प्रयोग देखते हुए इसके उत्पादन में भी वृद्धि का लक्ष्य गुमला जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित किया गया है।

आने वाले दिनों में गुमला जिला रागी के निर्यात में पूरे देश में एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकता है। रांची के रेडिसन ब्लू होटल में भी रागी का प्रयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसी तरह कई स्थानों पर रागी का प्रयोग होता है। जहां उसे पहुंचाने पर महिलाओं को ज्यादे लाभ प्राप्त हो सकता है। वहीं दूसरी ओर जिले के किसान भी रागी की खेती कर अपने आय को दोगुनी कर सकते हैं। क्योंकि धान की खेती से रागी की खेती उनके लिए अधिक मनाफा भरा हो सकता है। जिले में किसान रागी की खेती करते हैं लेकिन बहुत छोटे पैमाने में।




छतसीगढ़ के मेले में रागी का लड्डू बेचतीं गुमला की महिलाएं।

### दो बाइक की सीधी भिड़ंत में 5 लोग घायल, दो रिम्स रेफर

**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के बीरकेरा के समीप दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से रायडीह उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने चार लोगों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो किशोर खकसी टोली निवासी 13 वर्षीय दिनेश लोहरा व 12 वर्षीय सूरज नगेशिया बासटांड बाजार जा रहे थे। वही दूसरे बाइक मे सवार सिमडेगा लावागाई निवासी 19 वर्षीय साँसोन केरकेट्टा व 50 वर्षीय महिला करमी केरकेट्टा, 12 वर्षीय किशोरी पुनिया मुंडा तीनों जुरतेला मेहमानी जा रहे।

# नाबालिग को भगा ले जाने का अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

## कुरूमगढ़ थाना ने कांड अंकित होने के 12 घंटे के अंदर पकड़ा व नाबालिग को किया बरामद



अस्पताल में अभियुक्त की स्वास्थ्य जांच कराने पहुंची पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कुरूमगढ़ पुलिस ने नाबालिग को शादी के नियत से भगा ले जाने के आरोपी मड़वा गांव निवासी पोडहो कुम्हार के 22 वर्षीय पुत्र पूजार कुम्हार को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में कुरूमगढ़ क एसआई अमर पोद्दार ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित परिवार के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। पुलिस ने छापामारी कर उसे दाबोच लिया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी नीतिश कुमार, एसआई अमर पोद्दार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### फेसबुक पर युवक से प्यार करना युवती को पड़ा महंगा

फेसबुक में प्यार के भंवर जाल में फंसी युवती ने लकड़े के क्रियाकलाप से तंग आकर जहर खाकर आत्म हत्या का प्रयास किया। जिसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती विशुनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है और कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रही है। फेसबुक पर ही युवती का हजारीबाग के युवक से अक्टूबर 2022 में दोस्ती हुई। जिसके बाद दोस्ती प्रेम में बदल गई। इस दौरान युवक ने युवती का मोबाईल हैक कर लिया और उसको गंदे-गंदे मैसेज भेजने लगा। युवक इतना तेजतर्रा हेकर है कि युवती के नंबर से उसके कॉलेज के वाट्सअप ग्रुप में गंदे मैसेज भेजने लगा।

### कीटनाशक खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

गुमला सदर थाना के पहाड़पनारी निवासी किशोरी ने शनिवार की देर शाम घर में रखे कीटनाशक खाकर कर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने बताया कि किशोरी प्रेम प्रसंग मेंयह कदम उठाई है। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर परिजन लोग पूजा करने गए थे। शाम में वापस घर लौट कर देखे तो किशोरी अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी।

### दो बाईकों की टक्कर में दो लोग घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के पालकोट रोड उर्मी ढलान के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से दूसरे बाइक सवार को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों युवकों को स्थानीय लोगों की मदद से गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में दोनों घायल का इलाज जारी है। जानकारी देते हुए घायल रेडवा समल निवासी बाइक चालक 23 वर्षीय दीपक महतो ने बताया कि बाइक में सवार होकर अपने दोस्त 18 वर्षीय महावीर गोप के साथ बेहरा टोली दोस्त का शादी अटेंड करने के लिए आए हुए थे। जहां से अपने रिश्तेदार के यहां केसीपारा गए थे।

## जीत अधूरी है, आंदोलन समाप्त नहीं, स्थगित की गयी है : रितेश



बैठक करते चैंबर्स के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में चार दिनों से नए कृषि बिल को लेकर चल रहे हड़ताल को रविवार को वापस ले लिया गया। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार न बतलाया कि फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों व सरकार के बीच सकारात्मक बातचीत होने के बाद खाद्यान वस्तुओं के अनिश्चितकालीन बंद आवक जावक तथा प्रतिष्ठानो में खरीद बिक्री के रोक को रविवार से हटा लिया गया है, इसलिये आज से सभी प्रतिष्ठानें पूर्व तरह खुल जायेगी। एवं बतलाया गया कि सरकार के प्रतिनिधि विनय चौबे जी व कृषि मंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जैसा व्यापारी चाहेंगे वैसा ही प्रवाधान के साथ कृषि विधेयक में सम्माहित किया जायेगा। लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों व खद्यान व्यापारियों की रविवार को एक बैठक कर व्यापारियों की एकजुटता एवं आंदोलन में अटूट सहयोग हेतु उन्हें बहुत बहुत धन्यवाद दिया गया एवं आगे भी इसी तरह व्यापारी एकता बनाये रखने की बात कही।

# कैदियों को जेल से बाहर ना आने देना गंभीर विषय : डालसा सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मंडल कारा लोहरदगा में जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव ने अभियुक्तों को संबोधित किया। जबकि डालसा सचिव राजेश कुमार ने कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि कैदियों के बीच लोहरदगा डालसा की दो प्राथमिकताएं हैं। जिन कैदियों को केस लड़ने के लिए अपने वकील नहीं है, उसे सरकारी खर्च पर डालसा पैनल से वकील मुहैया कराना एवं जिन कैदियों का जमानत हो चुका है किंतु जमानत के शर्तों के कारण वो जेल से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं उन्हें संबंधित कोर्ट से जमानत के शर्तों में बदलाव करा कर कैदियों को जेल से बाहर निकलवाना। डालसा सचिव राजेश कुमार ने जेल के पीएलवी व जेल प्रबंधन को बताया कि जिन कैदियों का जमानत हो चुका है किंतु जमानत के कठिन शर्तों के कारण वह जमानत पर बाहर नहीं आ सका वैसे कैदियों की पहचान कर अविलंब डालसा कार्यालय को सूचित करें। क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने बीते 31 जनवरी 2023 को एक आदेश पारित करते हुए यह कहा है कि जिन कैदियों का जमानत हो जाता है, संबंधित कोर्ट बेल ऑर्डर की एक प्रति अविलंब जेल को मेल से भेजेगी। यदि 07 दिनों के भीतर बंदी जेल से बाहर नहीं आ पाता तो इसकी सूचना जेल अधीक्षक डालसा सचिव को देंगे। डालसा सचिव ऐसे कैदियों की आर्थिक/सामाजिक पृष्ठभूमि प्रोबेशन ऑफिसर से प्राप्त कर संबंधित कोर्ट को जमानत के शर्तों में बदलाव के लिए आवेदन दे सकती है। न्यायालय अभियुक्त को टेंपरोरी बेल पर भी छोड़ सकती है ताकि वह अपने प्रतिभुओं की व्यवस्था कर सके। यदि 01 माह तक कैदी जमानत मिलने के पश्चात भी जेल से बाहर नहीं आ पाता तो न्यायालय स्वतः जमानत की शर्तों पर पूर्ण विचार कर सकती है। यदि लोकल जमानतदार नहीं मिलने के कारण अभियुक्त जेल से बाहर नहीं निकल पाता तो ऐसी स्थिति में न्यायालय लोकल बेलर के शर्तों में परिवर्तन कर सकती है। डालसा सचिव ने संबंधित जेल अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में उपरोक्त निर्देश का पालन करते हुए सप्ताहिक रिपोर्ट डालसा कार्यालय को सौंपे। इस अवसर पर कारा में बंद विभिन्न कैदियों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसका निराकरण संबंधित न्यायालय से मिलकर किया जायेगा।




जागरूकता शिविर में मौजूद डालसा के अधिकारी।

# घटवार समाज को आदिवासी का दर्जा देने के विरोध में झामुमों विधायक का पुतला फूंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** घटवाल समाज ने बिशनुपुर झामुमों विधायक चमरा लिंडा का टीन बाजार चौक पर रविवार को पुतला दहन किया। पुतला दहन घटवाल व घटवार समाज के संगठन पदाधिकारियो ने फूंका। इस अवसर पर जमकर विधायक के खिलाफ नारेबाजी किया गया। यहां बता दें कि 16 फरवरी को रांची में आयोजित आदिवासी अधिकार महारैली में चमरा लिंडा ने घटवार व घटवाल को आदिवासी का दर्जा नहीं देने और घटवाल व घटवार को आदिवासी का दर्जा दिए जाने आंदोलन करने के उनके इस विवादित बयान से राज्य के घटवाल व घटवार जाति के लोगो मे काफी गुसा है। कुछ दिनो पहले पुर्व मंत्री गीता श्री उरांव द्वारा भी बयान दिए गया था। मेलर युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी अनिल सिंह मेलर ने कहा की घटवाल व घटवाल और खेतोरी झारखंड के इस धरती के सबसे प्राचीनतम निवासी है। इसका प्रमाण प्रमुख दस्तावेज और गजेटियर संथाल परगना गजेटियर, बिहार डिस्ट्रीक गजेटियर, मुंगेर डिस्ट्रीक गजेटियर आदि में उल्लेख है। उन्होने कहा कि किसी भी जाति को आदिवासी सूची में शामिल करने के लिए राज्य में जनजातीय शोध संस्थान है। जनजातीय मंत्रालय है। केंद्र और राज्य मे जनजातीय आयोग है। फिर चमरा लिंडा कौन होते है, यह तय करने वाले घटवाल व घटवार को आदिवासी का दर्जा मिलना चाहिए। नेता जीतलाल राय ने कहा कि राज्य में जितने भी कॉलेज, स्कूल यूनिवर्सिटी औद्योगिक संस्थान बने है। उनमें से अधिकांश घटवाल व घटवार के जमीनो पर ही बने है। चमरा लिंडा का बयान का विरोध करते हुए सरकार से अविलंब कार्रवाई करते हुए उन्हें विधायिकी से बर्खास्त करने की मांग की। इस अवसर पर जियाराम राय, संतोष राय, संजीव राय, प्रलाद राय, हिसाबी राय, बिरबल सिंह, लालमोहन राय, डोमन सिंह, इन्द्रदेव राय, रामानंद राय, प्रकाश राय, दर्शन सिंह, यमुना राय, दिलीप राय, जनार्धन सिंह, कैलाश राय, सहदेव राय, रंजीत राय, जियाराम राय, मुना सिंह आदि मौजूद थे।



पुतला दहन करते घटवाल समाज के लोग

## स्पीड न्यूज

### नाबालिग का भगा ले जाने वाला गिरफ्तार, गया जेल

**रामगढ़।** शादी के नियत से नाबालिग किशोरी को अपहरण करने मामले में रविवार को पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के जोगिया गांव निवासी दिवाकर राय उर्फ. रुपेंद्र राय है। जानकारी के अनुसार बीते 5 फरवरी को नाबालिग के पिता ने बेटी के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। मामल में पुलिस कांड संख्या 11/2023 के तहत भादवी की धारा 363, 366 ( I ) एवं 8/12 पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए छानबीन में जुट गई थी। पुलिस दबिश बना कर थाना क्षेत्र के मोहबना गांव से नाबालिग को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफल रही। नाबालिग का 164 का बयान न्यायालय में दर्ज करा सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया जायेगा। पुलिस आरोपी को न्यायिक हिरातस में जेल भेज दी है।

### चोरी के प्रयास में एक धराया, गया जेल

**दुमका।** चोरी के प्रयास में नगर थाना पुलिस एक को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी पश्चिम बंगाल के पायकोट थाना क्षेत्र के बिसोर गांव निवासी रामतुल्ला शेख है। जानकारी के अनुसार आरोपी चोर थाना क्षेत्र के ग्रांड स्टेट निवासी बादल कुमार के घर के छत के सहारे चोरी का विफल प्रयास करते हुए लोंगो के हत्थे चढ़ गया। लोगों ने आरोपी को पुलिस को सौंपा। पुलिस मामले में चोरों को लेकर सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### बाईक व साईकिल में टक्कर, घायल

**हंसडीहा।** हंसडीहा गोड्डा एनएच 133 पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के भाटिन गांव के समीप शनिवार रात बाइक और साइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। घटना में साईकिल सवार व्यक्ति का दोनों पैर फेक्चर हो गया। वहीं बाइक सवार युवक भी गम्भीर रूप से घायल हो गये।घायलों की पहचान साईकिल सवार हंसडीहा थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव निवासी खीरो यादव व बाइक सवार की पहचान गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के खरवारी गांव निवासी पिंटू यादव के रूप में की गई है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार साईकिल सवार हंसडीहा से अपने घर बारीडीह जा रहा था वहीं विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार की जोरदार टक्कर साईकिल सवार व्यक्ति से हो गयी।घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा थाना प्रभारी सुगना मुंडा को दी गई सूचना मिलने के तुरंत बाद सहायक अवर निरीक्षक सत्रुघ्न महतो पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच सभी घायलों को उठाकर ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सरैयाहाट पहुँचाया। जहां चिकत्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए बाहर रेफर कर दिया। इधर पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जप्त कर थाना ले जाया गया है।

## एएन कॉलेज एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता को लेकर निकाली रैली



जागरूकता रैली निकालते एएन कॉलेज एनएसएस वोलेंटियर

**दुमका।** एएन कालेज के एनएसएस विशेष शिविर के चौंथे दिन रविवार को प्रशिक्षण के बाद सेवा और स्वच्छता पर जागरूकता रैली निकाली गई। इकाई-5 के स्वयंसेवकों ने निर्मला पुतुल, साहित्यकार एवं मुखिया के अवास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुई। प्रशिक्षक निर्मला पुतुल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहे कि शिक्षा वह शस्त्र है। जिससे समाज में बदलाव ला सकते हैं। स्वास्थ्य रहकर और स्वच्छ रखकर राज्य देश को स्वास्थ्य और सुंदर बना सकते हैं। इसके पश्चात जागरूकता रैली निकाली गई। छात्रों में प्रमुख रूप से निरज ठाकुर, कुमार अभिनव, सुदीप कुमार, राहुल मंडल, हरिहर मंडल, शिवम कुमार मंडल, जयराम मरांडी, सुमित कुमार, नयना कुमारी,नेहा नाजरीता हांसदा आदि शामिल थे। एनएसएस यूनिट 2 और 4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय पाठक एवं डॉ प्रमोद झा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने कोल्हड्यिा और कुहका गांव में जागरुकता रैली निकाले। यूनिट 2 के छात्रों में रूपेश कुमार, मनोज पाल, आयुश कुमार, चंदना कुमारी, चमेली कुमारी, गंगा कुमारी, महबुब आलम, माधुरी कुमारी, तारकेश्वर सिंह शामिल थे। यूनिट 4 छात्रों में मिलन कुमार, हर्ष राज, अक्षय कुमार, अमन कुमार, आनंद कुमार, अंकित गुप्ता, शायक मिश्रा, प्रिंस राज आदि शामिल थे। यह जानकारी इकाई-5 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अन्हद लाल ने किया।

## जनजातीय फैशन शो का ग्रुमिंग क्लास का हुआ आयोजन


फैशन शो में प्रतिभागी जनजातीय फैशन शो का ग्रुमिंग क्लास का आयोजन

**दुमका।** जनजातीय फैशन शो का ग्रुमिंग क्लास कान्वेशन सेंटर करहरबिल में लिया गया। इसमें प्रतिभागियों को रैम्प वॉक का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उनके चाल, भाव भंगिमा एवं आत्मविश्वास बढ़ने के टिप्स दिये गये। प्रशिक्षण देने के लिए राँची एवं दुमका से पेशेवर महिला मौडल आयी थी। प्रशिक्षण में मुख्यतः स्टेज पर रैम्प वाक एवं परंपरागत परिधान की जानकारी दी गई। विभिन्न वर्ग के लगभग 80 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। उल्लेखनीय है कि ये प्रतिभागी लोग आने वाले हिजला मेला में एक मार्च को प्रस्तुति देंगे। ये जानकारी पंछी प्रदर्शन समिति अध्यक्ष अमिताभ बच्चन सोरेन ने दी।

## ऑनर किलिंग में हुई थी पोटका के सादिया की हत्या !

### आज पुलिस कर सकती हैं खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के पोटका के एक कुंआ से सादिया नामक युवती की शव बरामदगी मामले में पुलिस जांच लगभग पूरी हो चुकी हैं। सादिया की हत्या ऑनर किलिंग में होने की बात सामने आ रही हैं। सादिया की हत्या में परिजनों का हाथ होने की बात सामने आ रही हैं। सूत्रों की मानें तो सोमवार को चक्रधरपुर पुलिस मामले का खुलासा कर सकती हैं। मालूम हो कि 13 फरवरी को सादिया का शव पोटका स्थित उसके घर के करीब एक कुंआ से बरामद किया गया था। शव बरामदगी के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया था। सादिया तीन दिनों से लापता थी। पिता ने थाना में उसके एक स्कूल के दोस्त पर अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। सूत्रों के अनुसार पुलिस की जांच पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही पूरे मामले से पर्दा उठने वाला हैं। मामले में पुलिस ने परिजनों सहित एक दर्जन लोगों से अलग-अलग पूछताछ की हैं। इसमें मृतका सादिया के स्कूल और ट्यूशन में साथ पढ़ने वाले कई दोस्त भी शामिल थे।



## एक नजर में

### लकड़ी लदा ट्रैक्टर जप्त

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के पुजाडीह जंगल से रविवार को सखवा (साल) की लकड़ी लदी एक ट्रैक्टर को वन विभाग की टीम ने जप्त किया है। वन रक्षी साकेत कश्यप ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वनपाल विजय सिंह के नेतृत्व में यह कारवाई की गई है। सूचना मिली थी कि रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 04डब्ल्यू 7564 वाली टैक्टर के द्वारा सखवा की लकड़ी लाद कर दिनदहाड़े जंगलों के रास्ते ले जा रहा था। वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लकड़ी लदा ट्रैक्टर को जप्त कर काठीकुंड वन विभाग कार्यालय परिसर लाया गया है। टैक्टर में करीब 70 पीस सखवा (साल) की लकड़ी को कटींग करके लदी गई हैं। जानकारी के मुताबिक टैक्टर गोपीकांदर के सुबल मंडल के बताए जा रहा है। छापेमारी टीम में वनपाल विजय सिंह, साकेत कश्यप, बबलू टुडू, सुबरेन हांसदा आदि शामिल थे।

## सत्यंग ठाकुरबाड़ी में मनाई गई श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र के 135 वां जन्म महोत्सव


श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र के 135 वां जन्म महोत्सव पर सत्संग ठाकुरबाडी में जुटे अनुयायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र के 135 वां जन्म महोत्सव पर सत्संग ठाकुरबाड़ी पुलिस लाईन में कई कार्यक्रम का आयेजन हुआ। इस अवसर पर सत्संग दातव्य अस्पताल की ओर से चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा कैम्प में आसपास व कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम वेद मांगलकी ओर उषाकीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही समवेत विनती प्रार्थना में श्रीश्री ठाकुर जी के ग्रंथदि का पाठ किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रार्थना किया। कार्यक्रम में पहुंचे सदस्यों के द्वारा संगीतांजलि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूतदीप्ति सत्सुंग दातव्य अस्पताल सत्संग देवघर के ओर से दिन भर स्वस्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। श्रीश्री ठाकुर, श्रीश्री बड़मां एवं श्रीश्री बड़दा की पूजा और भोग का आयोजन किया गया। सत्संग में पहुंचे लोगों के द्वारा सभा कर लोगों को श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के वचनों को सुनाया। जिनमें श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी कहते थे कि ईश्वर की अपनी सबकुछ जितना भर, जिस तरह से देगें तुम भी उनमें उतना भर उसी तरह बनोगे और यह बनना ही है तुम्हारी प्राप्ति, जीवन नाथ की अवज्ञा कर जगन्नाथ को देखने जाए जीवन नाथ ही जो जगन्नाअहंकारवश नही देख पाए, पुरूषोत्तम आते जिस क्षण होती सभी गुरूओं की सार्थकता, गुरू त्याग की घृष्य कथा सुनाया गया। कार्यक्रम में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विनती प्रार्थना व श्रीश्री ठाकुर के ग्रन्थादि का पाठ एवं संगीतांजलि और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण हुआ।

## काजिम शहनाई की मधुर धुन पर शिव-पार्वती विवाह का मरजाद संपन्न


शिव विवाह का मरजदा रस्म में शामिल उपायुक्त व अन्य

**बासुकीनाथ।** रोम रोम को पुलकित कर देने वाली काजिम के सुरीली शहनाई के मधुर धुनों के बीच बासुकिनाथ धाम में बाबा भोलेनाथ और मैया पार्वती विवाह के बाद मरजाद रस्म धूमधाम से संपन्न हुई। मंदिर में चारों ओर शहनाई से निकली मधुर मांगलिक गीतों की गूंज गजब की छटा बिखेरी हुई थी। अंगड़ाई लेती फाग मास की मनमोहक शाम की शुभ घड़ी पर देवनगरी के समस्त नर-नारी श्रद्धालु मंदिर परिसर में उमड़ पड़े। जिनका एकमात्र मकसद ईश्वरीय लीला के दिव्य क्षणों का साक्षात्कार करना था। मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं की भीड़ भी इस अद्भुत दृश्य को अपनी आंखों में कैद करने के लिए लालायित मालूम पड़ रहे थे। इस दौरान यजमान बने दुमका उपायुक्त रविशंकर शुक्ला धार्मिक रसपान कर अभिभूत हुए जा रहे थे। तमाम सौभाग्यशाली महिला और पुरुष श्रद्धालु मौके पर खुशी का इजहार करने के लिए रंग अबीर गुलाल लगाते देखे गए। बाबा मैया के घुंघट समारोह संपन्न होने के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

## जादूगोड़ा : जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जादुगोड़ा थाना काण्ड संख्या 08/3, दिनांक 180122023, धारा 290ध्420 भादवि एवं 11 बिहार-बंगाल सार्वजनिक जुआ अधिनियम के प्रा0अभि0 1.नरेश कुमार गिरि, उम्र 42 वर्ष, पिता स्व सरजीत गिरि, ग्राम पारुलिया, थाना मुसाबनी, जिला पूर्वी सिंहभूम, 2.मो मुस्तफा, उम्र 63 वर्ष, पे स्व मो अली, सा मुसाबनी नंबर-3, न्यु कालोनी रोड, नियर ईद्गाह मस्जिद, थाना मुसाबनी, जिला पूर्वी सिंहभूम, 3. गुलाबदीन, उम्र 60 वर्ष, पे स्व दरवेश अली, सा बड़ा कंजिया, थाना डुमरिया, जिला पूर्वी सिंहभूम को हब्बा-डब्बा (जुआ) खेलाते हुए रँगेहाथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस काण्ड में घटनास्थल से नगद 34015 रूपये एवं हब्बा-डब्बा (जुआ) खेलाने का सामान भी बरामद कर जप्त किया गया है।

## पश्चिमी सिंहभूम की विजेता टीम के खिलाड़ियों का हुआ स्वागत



**चक्रधरपुर।** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के खेल प्रतिभाओं ने दमदार प्रदर्शन के बाद रविवार को लौट आई। चक्रधरपुर पहुंचने पर टीम के खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। मालूम हो कि रांची में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता में पश्चिमी सिंहभूम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने फुटबॉल के बालिका वर्ग, वालीबॉल में बालक व बालिका तथा बालिक वर्ग के हॉकी प्रतियोगिता में विजेता बनी है। टीम के प्रदर्शन से जिले में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रहा था। हॉकी कोच बेला मुंडरी, खेल संयोजक कश्मीर कांडेयांग, लिवलाव बोदरा ने कहा कि कड़ी मेहनत का परिणाम रहा कि जिले की टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सहाय योजना ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित हुआ। गांवों में छिपे प्रतिभाओं को सामने लाने का उद्देश्य सफल रहा।

## एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम को लेकर निकाली गई निशान यात्रा



**दुमका।** एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम षष्टम् वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का सोमवार को आयोजित की जाएगी। इसको लेकर रविवार को विशाल निशान उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निशान यात्रा छोटी ठाकुरबाड़ी मंदिर से निकालकर पुरे शहर का भ्रमण की गई। सर्वप्रथम छोटी ठाकुरबाड़ी में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद ज्योत निकालकर सजाए गए खाटू श्याम के रथ पर रखकर यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में मारवाड़ी महिलाएं व पुरूष अपने हाथों में निशान लेकर जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। इस निशान यात्रा में घोड़े, रथ सहित कई डीजे लगाए गऐ थे। साथ ही कलकत्ता व सुरजगढ़ के कलाकारों की टोली के द्वारा पुरे शहर में मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे देखने के लिए शहर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं के द्वारा जगह-जगह पेयजल व शरबत का स्टॉल लगाया गया था। निशान यात्रा शहर के मुख्य मार्ग होते हुए दादी श्याम मंदिर पहुंचकर समापन किया गया। सोमवार को एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम का आयोजन यज्ञ मैदान में किया जाएगा। इस अवसर पर यज्ञ मैदान में मानवेन्द्र सिंह चौहान, राज पारीक, शीतल पांडे, पंकज अग्रवाल, व शिवम् पंसारी के द्वारा भजन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा भव्य श्रृंगारी, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, सवामणी श्याम रसोई का आयोजन किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने में समाज के सदस्य मौजूद है।

# समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा टोटेमिक कुड़मी समाज : विधायक

## टोटेमिक कुड़मी समाज ने जुटाए 106 यूनिट रक्त, लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** टोटेमिक कुड़मी समाज छोटानागपुर, चक्रधरपुर एवं बोड़दा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार संस्कार भवन बोड़दा में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। विधायक सुखराम उरांव, पूर्व विधायक बहादुर उरांव, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष सह शिक्षाविद् श्याम सुंदर महतो ने दीप जलाकर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर एक महिला आशा महतो समेत 106 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। विधायक सुखराम उरांव ने कहा रक्तदान जीवन दान है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है। टोटेमिक कुड़मी समाज समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विधायक ने रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह समाज में एक-दूसरे की मदद के लिए तत्पर रहने की जरूरत है। वहीं शिविर में रक्तदान करने वालों को पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा.विजय गागराई ने गमछा देकर सम्मानित किया।

शिविर में दंत चिकित्सक डा. सरिता कुमारी महतो ने 30 लोगों की जांच की। वहीं अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर सुझाव दिए। साथ ही शुगर जांच 50 एवं आंखों का जांच 11 लोगों का हुआ। शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने के लिए झारखंड आन्दोलनकारी चिन्हितकरन आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, आजसू नेता रामलाल मुंडा, भाजपा नेता अशोक षाड़ंगी, पवन शंकर पांडेय, मालती गिलुवा, झामुमो नेता दिनेश जेना, कांग्रेस नेता विजय सामड, प्रीतम बांकिरा, दुर्गा महतो, संतोष मुंडा, श्याम मुंडा, प्रो. नागेश्वर प्रधान, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप महतो, बिनोद भगेरिया, सदानंद होता, अनवर खान, खिरोद महतो, रतन महतो, ओमप्रकाश महतो, गणेश्वर महतो, बलराज हिन्दवार उपस्थित रहे। इसके अलावा बासिल हेम्ब्रम, टोटेमिक समाज के सचिव करन महतो, मीडिया प्रभारी दुर्योधन महतो, रोमित महतो, अजय कुमार महतो, गणेश महतो, विभीषण महतो, युधिष्ठिर महतो, चंदन महतो, मुकेश महतो, मंटुराम महतो, हीरालाल महतो, कोकिल महतो, मुकुंद महतो, दीपक महतो, राजेंद्र महतो, अमरजीत महतो समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

